नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Bilaspur City - 11 Jul 2025 - 11nya5
epaper.navabharat.news

# कोर्ट परिसर में महिला वकील ने फीस को लेकर अपने ही पक्षकार को पीटा

नवभारत रिपोर्टर । बिलासपुर।

## दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाने में की शिकायत

फैमिली कोर्ट परिसर में फीस को लेकर महिला वकील का पक्षकार के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि वकील ने अपने पक्षकार युवक की कॉलर व महिला के बाल को पकड़कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से महिला को चोटें आई है। घटना के दौरान मौजूद अन्य वकील मूक दर्शक बने रहे। दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराई हैं। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सुमन ठाकुर अपने पारिवारिक प्रकरण के संबंध में गुरुवार को फैमिली कोर्ट में पेश होने आई थी। साथ में उसकी मां सावित्री देवी व भाई मुकुंद ठाकुर भी थे।



सुनवाई से पहले पीड़िता सुमन ने वकील से मुलाकात की। वहां पीड़िता व वकील के बीच फीस की बात को लेकर बहस शुरू हो गई। सुमन का आरोप है कि वकील ने फीस लेने के बावजूद केस लड़ने से इनकार कर दिया। जब फरियादी ने आपत्ति जताई, तो वह भड़क गई और बाल पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। कोर्ट के अंदर दूसरे प्रकरण में सुनवाई भी चल रही थी। इस दौरान वहां वकीलों व अन्य लोगों की भीड़ लग गई। लेकिन किसी ने भी बीच-बचाव नहीं किया। इस बीच सुमन के भाई मुकुंद ने बीच-बचाव किया तो वकील ने एक हाथ से मुकुंद का कॉलर व दूसरे हाथ से सुमन के बाल को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। एक महिला व एक पुरूष पुलिसकर्मी ने वकील को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वकील ने पुलिसकर्मियों की बात भी नहीं सुनी। कोर्ट परिसर में आधे घंटे से ज्यादा समय तक हंगामा चलता रहा। वहां अन्य महिला वकीलों ने पहुंचकर विवाद को शांत कराया। इसके बाद दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### ■ वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल

घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वकील ना सिर्फ क्लाइंट सुमन ठाकुर, बल्कि उसकी मां सावित्री देवी ठाकुर और भाई मुकुंद ठाकुर के साथ भी हाथापाई करती नजर आ रही है। यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो को जब्त कर लिया है।

### ■ हार्ट पेशेंट मां को दिया धक्का

फरियादी सुमन ठाकुर की मां सावित्री देवी हार्ट की मरीज हैं और कुछ महीने पहले ही उनकी सर्जरी हुई है। घटनास्थल पर जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो वकील ने उन्हें भी धक्का दे दिया। जिससे उसकी मां घबरा गई। वहां मौजूद आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई भी मदद के लिए नहीं आया।

### ■ पक्षकारों के साथ मारपीट की दूसरी घटना

पांच दिन पहले शनिवार को यदुनंदन नगर तिफरा बछेरा तालाब निवासी प्रिया द्विवेदी जेल में बंद पति के लिए जिला कोर्ट की अधिवक्ता कुंती पवार से मिलने गई थी। प्रिया का आरोप है कि कुंती ने उससे फीस तो ले लिया पर काम नहीं कर रही है। पीड़िता ने केस को हाईकोर्ट में लगाने को कहा और नहीं लगाने पर सारे दस्तावेज वापस करने को कहा। इससे नाराज होकर कुंती ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। सिर को दीवार पर टकरा दिया, जिससे पीड़िता जमीन पर गिर गई। इसके बाद उसने हाथ-मुक्के से भी जमकर पिटाई की। पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### ■ पुलिस ने कहा- जांच की जा रही

इस मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी एसआर साहू ने बताया कि कोर्ट परिसर में वकील व पक्षकार के बीच फीस की बात को लेकर विवाद हुआ है। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। कोर्ट परिसर में जो कुछ भी हुआ है, उसकी जांच की जा रही है।